Need to declare Ferozabad district in U.P. as Telecom. District.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश का राजस्व जनपद है इसमें लगभग 20,000 टेलीफोन उपभोक्ता हैं। जनपद का कुछ हिस्सा टेलीफोन की दृटि से शिकोहाबाद, जसराना एवम् सिरसागंज मैनपुरी जनपद में आता है और शो हिस्सा टूण्डला एवम् फिरोजाबाद आगरा के नियंत्रण में है। इस प्रकार टेलीफोन की प्रशासकीय व्यवस्था से यह जिला दो हिस्सों में बंटा है जिससे उपभोक्ताओं को अत्यधिक परेशानी होती है। प्रदेश स्तर पर भी फिरोजाबाद जनपद दो हिस्सों में बंटा हुआ है। इसका आधा हिस्सा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और कुछ हिस्सा पूर्वी उत्तर प्रदेश में है। तमाम ऐसे जिले हैं जिनमें टेलीफोन उपभोक्ता फिरोजाबाद से कम हैं, लेकिन उन्हें दूरसंचार जिला घोाित कर दिया गया है। सरकार से मांग है कि वह फिरोजाबाद को अविलम्ब दूर संचार जिला घोाित करे।